मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-156
25/03/2021

आर0 ब्लॉक से जी0पी0ओ0 गोलम्बर फ्लाई ओवर का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

- मीठापुर से माहुली निर्माणाधीन फोरलेन एलिवेटेड/एटग्रेड पथ का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 25 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर आर0 ब्लॉक–जी0पी0ओ0 गोलम्बर फ्लाई ओवर का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् नवनिर्मित फ्लाई ओवर का निरीक्षण करने के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से इसकी कनेक्टिविटी के विषय में पूरी जानकारी ली।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्री नवल किशोर यादव, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सुषमा साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल आयुक्त श्री संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

आर0 ब्लॉक–जी0पी0ओ0 गोलम्बर फ्लाई ओवर के लोकार्पण के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आर0 ब्लॉक से जी0पी0ओ0 तक के फ्लाई ओवर का आज उद्घाटन किया गया है। इसके लिए मैं पथ निर्माण मंत्री और विभाग के अधिकारियों को विशेष तौर पर बधाई देता हूँ। इस फ्लाई ओवर के शुरु हो जाने से लोगों को काफी सहुलियत होगी। अब आर0 ब्लॉक से गांधी मैदान, कंकड़बाग और दूसरी जगहों पर लोग सुगमतापूर्वक आवागमन कर सकेंगे। लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग विकास के काम में ही लगे रहते हैं। लोगों को सहूलियत हो इसमें हमलोगों की दिलचस्पी रहती है। पटना छोड़कर वर्षों पहले जाने वाले लोग अब पटना वापस आते हैं तो उनको यहां का निर्माण कार्य देखकर आश्चर्य होता है। पटना में कई फ्लाई ओवर का निर्माण किया गया है। पटना की आबादी लगातार बढ़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में यहां का व्यापार भी बढ़ा है। पटना की बड़ी आबादी फ्लाई ओवर की सुविधा का लाभ उठायेगी। इसके आगे भी जो काम जरुरी है वो सब हमलोग करने का प्रयास कर रहे हैं। उद्घाटन के अवसर पर यहां उपस्थित सभी लोगों को मैं बधाई देता हूँ। पटना में दूसरी जगहों पर भी प्रस्तावित निर्माण कार्य शुरु होने वाले हैं। आज उसका भी स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देंगे।

लोकार्पण कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मीठापुर फ्लाई ओवर के यारपुर लेग के बचे हुये कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही पुनपुन लेग के अधूरे कार्य को भी पूर्ण

करने का निर्देश दिया। इसकी पहुॅच पथ के भूअर्जन का कार्य चल रहा है, जिसे तेजी से संपन्न करने पर बल दिया गया।

मुख्यमंत्री ने मीठापुर से माहुली निर्माणाधीन फोरलेन एलिवेटेड/एटग्रेड पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में यह आदेश दिया गया कि एन0एच0–30 बाईपास के ऊपर से मीठापुर–माहुली एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जायेगा। जैसा कि एम्स–दीघा एलिवेटेड रोड का निर्माण नेहरू पथ के ऊपर से किया गया है। मुख्यमंत्री ने सिपारा गुमटी पर आर0ओ0बी0 निर्माण के भी निर्देश दिये। साथ ही गुमटी के पास पूरब के इलाकों की सम्पर्कता के लिये एलिवेटेड पथ से रैम्प बनाने का भी उन्होंने निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने परसा के पास, परसा–सम्पतचक पथ को मीठापुर–माहुली एलिवेटेड पथ से सम्पर्कता प्रदान करने का निर्देश दिया ताकि रेलवे लाइन के पूरब के इलाके में रहने वाले लोगों को सहूलियत हो सके। इसके साथ ही परसा के पास एक और अतिरिक्त आर0ओ0बी0 बनाने पर सहमति दी गयी ताकि रेलवे लाइन के पश्चिम के इलाकों में रहने वाले लोगों को आवागमन में सुगमता हो सके। मुख्यमंत्री ने मीठापुर से करबिगहिया फ्लाई ओवर के कार्य का भी निरीक्षण किया। करबिगहिया से चिरैयाटांड के ऊपर, कंकड़बाग फ्लाई ओवर के कार्य को अगले डेढ़ वर्ष में पूर्ण करने का उन्होंने निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आर0 ब्लॉक से जी0पी0ओ0 गोलम्बर के निर्माण कार्य के लिये निर्माण विभाग के पदाधिकारी को बधाई दी और उन्हें इसी तरह से बेहतर कार्य करने की शुभकामनायें दीं।

******